>

Title: Loss to crops due to various diseases and locusts in the Country.

श्री हंसराज गं. अहीर (चन्द्रपुर) : माननीय सभापति जी, मैं धान की फसल बोने वाले किसानों के बारे में कहना चाहता हूं। विदर्भ के कुछ क्षेत्रों में, चन्द्रपुर, गढ़चिरौली, भंडारा और गोंदिया जिलों में बड़े पैमाने पर धान की फसल लगाई जाती है। इस वर्ष धान की फसल पर करपा नामक बीमारी तथा गाद मरूखी की वजह से फसल को नष्ट किया जा रहा है। इन फसलों में जिन किसानों का 80 से 100 प्रतिशत नुकसान हुआ है, फसल का नुकसान होने से ये सब किसान भविष्य के प्रति चिन्तित हैं। इनकी पूरी फसल बर्बाद होने से इनके दिल में भय है। राज्य सरकार इनकी मदद करने के लिए पहल नहीं कर रही है, गम्भीर नहीं है।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आपकी क्या मांग है, अपनी मांग बोलिये।[R86]

20.00 hrs.

श्री हंसराज गं. अहीर : राज्य सरकार बहाना करती है कि हमारी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, ऐसा कहकर वह टाल रही है। मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार से विनती करता हूं कि इन किसानों को हुए नुकसान के लिए आर्थिक मदद करें। वहां आगे चलकर भविष्य में ऐसी बीमारियां न हों, ...(व्यवधान) बड़े अधिकारियों को भेजकर इसकी रिसर्च की जाए। मैं यह मांग करता हूं। धन्यवाद।